विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित
श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या- 17
का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 17 (क) | क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि जनपद अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम कब स्वीकृत हुआ ? | जी हां। जनपद अयोध्या में स्टेडियम वर्ष 2006 में स्वीकृत हुआ। |
| (ख) | उक्त स्टेडियम का निर्माण कब प्रारम्भ हुआ ? | उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य वर्ष 2006 से प्रारम्भ हुआ। |
| (ग) | निर्माणाधीन स्टेडियम का कितना कार्य पूरा हुआ,कितना शेष रह गया है ? | निर्माणाधीन स्टेडियम का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है। |
| (घ) | अधूरे कार्य के लिए आवश्यक धनराशि कब तक आवंटित कर, स्टेडियम का निर्माण करा लिया जायेगा ? | क्रिकेट स्टेडियम के कार्यों को जनापयोगी बनाये जाने हेतु धनराशि रू0 4854.26 लाख की स्वीकृति शासनादेश 2023/001-3053422022A दिनांक 26.03.2023 द्वारा प्रदान की गयी है, जिसके सापेक्ष माह 03/2023 में धनराशि रू0 500.00 लाख एवं माह 09/2023 में धनराशि रू0 1927.13 लाख अर्थात् कुल धनराशि रू0 2427.13 लाख अवमुक्त हुआ है। शेष धनावंटन कराकर माह दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। |
| (ड.) | उपरोक्त स्टेडियम का उदघाटन कब तक संभावित है ? | उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य माह दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कराते हुए इवेन्ट्री व हस्तान्तरण प्रपत्र प्रेषित करा लिया जायेगा। |

गिरीश चन्द्र यादव
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)